# मुख्यमंत्री योगी आज करेंगे डिफेंस कारिडोर की पहली आयुध फैक्ट्री की शुरुआत

जासं, कानपुर : साढ़ में 202 हेक्टेयर में बनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस की फैक्ट्री में सोमवार से काम शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सेना प्रमुख मनोज पांडेय उसका उद्घाटन करेंगे। फैक्ट्री में 41 तरह के हथियार और गोले तैयार होंगे। अदाणी ग्रुप डिफेंस कारिडोर स्थित फैक्ट्री को एशिया में हथियारों का सबसे बड़ा हब बनाने की तैयारी में है।




साढ़ स्थित डिफेंस कारिडोर में सोमवार को होने वाले उद्घाटन को लेकर चल रही तैयारियां • जागरण

शहर के औद्योगिक स्वरूप के लिए यह बड़ा मौका है। कंपनी इसे दक्षिण एशिया का सबसे बड़े हथियार कांप्लेक्स बनाने का लक्ष्य लेकर ला रही है। रक्षा प्रतिष्ठानों के शहर से जुड़ाव को देखते हुए अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने वर्ष 2022 में यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के साथ एमओयू (अनुबंध) किया था। यहां सबसे पहले गोलियां बनाई जाएंगी।